Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 277 ▫ रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## शुभकामनाएं

दीपावली पर्व पर विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, पाठकों एवं शुभचिंतकों को 'हाईवे चैनल' परिवार की बहुत-बहुत बधाई- शुभकामनाएं...

**कल अवकाश**

दीपावली के अवसर पर 'हाईवे चैनल' कार्यालय में कल 31 अक्टूबर एवं 1 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 2 नवम्बर को मिलेगा।

-सम्पादक

# एक इनामी महिला नक्सली समेत 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर/बीजापुर,** 30 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में पांच लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली समेत पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गढ़चिरौली डिवीजन के अंतर्गत अहेरी एरिया कमेटी की सदस्य (एसीएम) सुशीला उर्फ बुज्जी ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उसके सर पर पांच लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिले में चार अन्य नक्सलियों सुखराम मोड़ियाम, सुददू कोरसा, लक्खू फरसा और सन्नू माड़वी ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने माओवादियों की भेदभाव पूर्ण नीति, उपेक्षा तथा विचारधारा से क्षुब्ध होकर और राज्य शासन की नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला, हत्या और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत अन्य कई नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को उत्साहवर्धन के लिए राज्य शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपए नगद प्रदान किये गये हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में जिले में अब तक कुल 185 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है तथा विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल 411 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

### नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट, पुलिस मुखबिरी का लगाया आरोप



बस्तर में माओवादियों की कायराना करतूत फिर देखने को मिली है. नक्सलियों ने धारदार हथियार से निर्दोष ग्रामीण की हत्या कर दी. इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. यह घटना थाना बासागुड़ा क्षेत्र के ग्राम पुतकेल की है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. नक्सलियों ने पुतकेल निवासी दिनेश पुजारी पिता मुतैया उम्र 35 वर्ष को रात में मौत के घाट उतारा है. घटना स्थल पर माओवादियों के पामेड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा मिला है, जिसमें मृत ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या करना बताया गया है. बासागुड़ा पुलिस मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई कर रही.

# छग में वर्दी की आड़ में गांजा तस्करी जीआरपी के 4 आरक्षक गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 30 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। वर्दी की आड़ में युवक से गांजा तस्करी कराने वाले जीआरपी के चार आरक्षकों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इसमें से दो आरक्षकों को जेल भेज दिया गया है. वहीं दो आरक्षकों को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है.

**रेलवे स्टेशन में बिकवाते थे गांजा**

जानकारी के मुताबिक बीते 24 अक्टूबर को जीआरपी ने रेलवे स्टेशन में 20 किलो गांजा के साथ जबलपुर निवासी योगेश सोंधिया और खरीददार चित्रकूट निवासी रोहित द्विवेदी को पकड़ा था. पुलिस मुख्यालय से मामले की डायरी जांच के लिए बिलासपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजी गई. बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू की और गांजा तस्करी के आरोप में पकड़े गए योगेश सौंधिया व रोहित द्विवेदी से सख्ती से पूछताछ की.

योगेश सोंधिया ने बताया कि वह पिछले एक साल से शहर में किराए के मकान में रह रहा है और जीआरपी थाना के आरक्षक लक्ष्मण गाइन, सौरभ नागवंशी, संतोष राठौर व मन्नू प्रजापति के कहने पर ओडिशा से गांजा लाकर उनके संरक्षण में रेलवे स्टेशन में गांजा बेचता है. बिक्री की रकम वह आरक्षकों को देता था. मामले में पकड़ा गया रोहित द्विवेदी उस दिन गांजा खरीदने आया था. आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत चारों आरक्षकों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. पुलिस ने दो आरक्षकों को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड की मांग की. कोर्ट के आदेश पर आरक्षक संतोष राठौर, लक्ष्मण गाइन को 1 दिन की पुलिस रिमांड में लिया है. वहीं आरक्षक सौरभ नागवंशी, मन्नू प्रजापति को जेल दाखिल कर दिया है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### जो लोग जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाना चाहते थे, वे विफल हो चुके हैं : अब्दुल्ला

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में कभी सफल नहीं होगा और जो लोग इस क्षेत्र को पाकिस्तान में मिलाना चाहते थे, वे असफल हो चुके हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा, ''भारत की ताकत एकता में विविधता है और देश की शांति, प्रगति तथा विकास के लिए हमें भाईचारे को मजबूत कर एक-दूसरे के प्रति नफरत को दूर करना होगा।''शहर के मध्य स्थित प्रसिद्ध रघुनाथ बाजार के दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों को नयी सरकार से काफी उम्मीदें हैं>

और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में जम्मू कश्मीर विकास के रास्ते पर लौटेगा तथा नयी ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। अब्दुल्ला ने कश्मीर घाटी में अलगाववादियों का जिक्र करते हुए कहा, ''हमें आतंकवाद से उसी तरह लड़ना होगा, जैसे हम पिछले कई साल से लड़ते आ रहे हैं। हमें इस बीमारी का सामना करना होगा और इसे हराना होगा। जो लोग चाहते थे कि हम पाकिस्तान में शामिल हो जाएं, वे विफल हो चुके हैं।'' उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान यहां कभी सफल नहीं होगा।

### आरएसएस प्रमुख भागवत प्रचारकों के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत 31 अक्टूबर से शुरू होने वाले संगठन के प्रचारकों (पूर्णकालिक स्वयंसेवकों) के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए मंगलवार को ग्वालियर पहुंचे। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि भागवत दोपहर को ग्वालियर पहुंचे। वह प्रशिक्षण शिविर के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर (आरएसएस से जुड़े संगठन द्वारा संचालित स्कूलों की एक श्रृंखला) में ठहरेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में पूरे भारत से 554 संघ प्रचारक भाग लेंगे। इससे पहले एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया था कि शिविर, अखिल भारतीय वर्ग 31 अक्टूबर से चार नवंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 31 संबद्ध संगठनों के प्रचारक भाग लेंगे।

## बांधवगढ़ अभयारण्य में 4 जंगली हाथी मृत पाए गए

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) में मंगलवार को चार जंगली हाथी मृत पाए गए। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वन विभाग के अधिकारी ने हालांकि इन हाथियों की मौत के कारणों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। बीटीआर के उप निदेशक प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान उसी झुंड के चार अन्य हाथी बीमार पाए गए और उनका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चार जंगली हाथी अभयारण्य के खितोली रेंज के अंतर्गत सलखनिया और बकेली इलाकों में वन रक्षकों द्वारा नियमित गश्त के दौरान मृत पाए गए। वर्मा ने बताया कि वे 13 हाथियों के झुंड का हिस्सा थे। उप निदेशक ने बताया कि बीटीआर की टीम झुंड में शामिल हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। अधिकारी ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा।

## ताइक्वांडो खिलाड़ी का सिर तलवार से काटा



**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। यूपी के जौनपुर जिले में एक ताइक्वांडो खिलाड़ी का तलवार से सिर काटकर उसकी हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह अनुराग यादव घर के बाहर ब्रश कर रहा था, तभी अचनाक से पड़ोसी तलवार लेकर आया और हमला करने लगा। तलवार के एक वार से सिर धड़ से अलग कर दिया। बेटे की चीख सुनकर मां दौड़ती हुई बाहर आई तो बेटे का सिर कटा धड़ देखकर बेहोश हो गई। कुछ पल बाद होश आया तो बेटे का सिर सीने से लगाकर रोती रही।

बता दें कि यह घटना जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर कबीरूद्दीनपुर गांव की है। ताइक्वांडो खिलाड़ी की हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। फिलहाल, कई थानों की फोर्स मौके पर तैनात है। बताया जा रहा है कि जमीन विवाद में हत्याकांड हुआ है। अनुराग ने ताइक्वांडो में हाल ही में नोएडा में हुई ओपन नेशनल में सिल्वर मेडल जीता था। इसके अलावा, इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीता था।

## अरुणाचल प्रदेश में युद्ध स्मारक, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण करेंगे राजनाथ



**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बृहस्पतिवार को मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग को समर्पित वीरता संग्रहालय का उद्घाटन करने और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की एक प्रतिमा का अनावरण करने के लिए बृहस्पतिवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले का दौरा करेंगे।

अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि सिंह भारत-चीन सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ दिवाली मनाएंगे। उन्होंने बताया कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह सूचना साझा करते हुए राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री दोनों का राज्य में स्वागत किया। खांडू ने पोस्ट में कहा, ''मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह जी और अन्य गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में उनके (राजनाथ सिंह) द्वारा तवांग में मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग वीरता संग्रहालय का उद्घाटन और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा 'देश का वल्लभ' का अनावरण आने वाले युगों तक स्मृति में संजोकर रखा जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''फरवरी 1951 में भारतीय प्रशासन को तवांग में लाने के लिए एक अभियान का बहादुरी से नेतृत्व करने वाले मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग के वीरतापूर्ण कार्य की मानव इतिहास में कोई समानता नहीं है।

**एमवीए के बाद महायुति में भी घमासान**

# भाजपा-अजित पवार वाली एनसीपी के बीच आई दरार, सोमैया ने नवाब मलिक को बताया आतंकी



**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही। वैसे-वैसे राजनीतिक गलियारे में हलचल तेज होती जा रही है। महा विकास अघाड़ी के बाद अब महायुति में भी सबकुछ ठीक नहीं लग रहा है। नवाब मलिक को मानखुर्द शिवाजी नगर से टिकट दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच तल्खी बढ़ गई है।भाजपा नेता किरीट सोमैया ने बुधवार को नवाब मलिक को आतंकी करार दिया।

अजित पवार पर तीखा हमला बोलते हुए सोमैया ने कहा, %नवाब मलिक आतंकवादी है, उन्होंने देश को टुकड़ों में तोड़ने की कोशिश की। वह दाऊद के एजेंट हैं। उन्हें टिकट देकर अजित पवार की एनसीपी ने देश के साथ धोखा किया है। सुरेश कृष्णा पाटिल (बुलेट पाटिल) महायुति से एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना के उम्मीदवार हैं। उन्होंने कल से अपना चुनाव प्रचार शुरू किया है। बता दें कि नवाब मलिक ने मंगलवार को इस सीट से नामांकन दाखिल किया था। इससे महायुति के सामने खासकर भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। क्योंकि महायुति की तरफ से शिवसेना के पाटिल को पहले ही उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है।

भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने मलिक की उम्मीदवारी के खिलाफ बयान दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद मलिक ने नामांकन दाखिल कर दिया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है। शेलार ने कहा था, %हम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े किसी भी व्यक्ति को टिकट देना स्वीकार नहीं करेंगे। हम नवाब मलिक का समर्थन नहीं करेंगे और हमारा रुख अलग होगा।

अणुशक्ति नगर से दो बार विधायक रहे नवाब मलिक ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे क्योंकि एनसीपी ने महायुति की सहयोगी भाजपा के दबाव के चलते उन्हें टिकट देने से इनकार कर दिया था। मलिक ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा, मैंने तय किया था कि अगर मुझे अपनी पार्टी से नामांकन पत्र नहीं मिला तो मैं निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ूंगा। मैंने एनसीपी उम्मीदवार के तौर पर अपराह्न दो बजकर 55 मिनट पर (नामांकन पत्र) दाखिल किया।

**फड़णवीस ने नहीं दी प्रतिक्रिया-** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें मलिक के एनसीपी उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने की 'आधिकारिक सूचना' की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, जब मुझे आधिकारिक सूचना मिलेगी तब मैं इस पर प्रतिक्रिया दूंगा।

**अपनी बेटी सना के लिए छोड़ी है अणुशक्ति नगर सीट-** अणुशक्ति नगर से मौजूदा विधायक मलिक ने यह सीट अपनी बेटी सना के लिए छोड़ दी। सना एनसीपी उम्मीदवार के रूप में राजनीति में कदम रख रही हैं। नवाब मलिक, महाविकास आघाडी सरकार में मंत्री थे लेकिन 2022 में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा दाऊद और उसके साथियों छोटा शकील व टाइगर मेमन के खिलाफ दर्ज मुकदमे में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मलिक को इस साल जुलाई में चिकित्सक आधार पर जमानत दी गई थी।

राकांपा में विभाजन के बाद उपमुख्यमंत्री अजीत पवार नीत गुट ने सहयोगी भाजपा की आपत्तियों के बावजूद मलिक को अपने पाले में ले लिया था।

